उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार– 249404

संख्याः 46/119/पी0सी0एस0/पाठ्यक्रम/ गोपन–03/2023–24 दिनांकः 04 नवम्बर, 2024

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा–2024
Uttarakhand Combined State Civil/ Upper Subordinate Services Exam-2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0ः A-2/E-1/PCS/2023-24 दिनांक 14 मार्च, 2024 में मुख्य परीक्षा के संबंध में उल्लिखित सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र– 02, 03 एवं 04 के पाठ्यक्रम में मा0 आयोग द्वारा प्रदत्त निर्णयानुसार हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में विषमता एवं कतिपय लिपिकिय त्रुटियों का निराकरण किया गया है।

2. तद्क्रम में सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र– 02, 03 एवं 04 के पाठ्यक्रम में संशोधित बिन्दुओं का विवरण निम्नवत है–

सामान्य अध्ययन –II

(शासन व्यवस्था, संविधान, शासन–प्रणाली, सामाजिक न्याय तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध)

GENERAL STUDIES – II

(Governance, Constitution, Polity, Social Justice and International relations.)

- **हिन्दी संस्करणः**

पूर्व में प्रकाशित पाठ्यक्रम में उल्लिखित बिन्दुः

- सरकारी नीतियों और संघों, दानकर्ताओं, लोकोपकारी संस्थाओं, संस्थागत एवं अन्य पक्षों की भूमिका।

संशोधित बिन्दुः

- सरकारी नीतियों **और विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए हस्तक्षेप और उनके अभिकल्पन तथा क्रियान्वयन के कारण उत्पन्न विषय।**
- **विकास प्रक्रिया तथा विकास उद्योग– गैर सरकारी संगठनों, स्वंय सहायता समूहों, विभिन्न समूहों** और संघों, दानकर्ताओं, लोकोपकारी संस्थाओं, संस्थागत एवं अन्य पक्षों की भूमिका।

सामान्य अध्ययन –III

(प्रौद्योगिकी, आर्थिक विकास, जैव विविधता, पर्यावरण, सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन)

GENERAL STUDIES – III

(Technology, Economic Development, Bio diversity, Environment, Security and Disaster Management)

- **हिन्दी संस्करणः**

पूर्व में प्रकाशित पाठ्यक्रम में उल्लिखित बिन्दुः

- सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, कम्प्यूटर, नैनो–टैक्नोलॉजी, बायो–टैक्नोलॉजी, और बौद्धिक सम्पदा अधिकारों से संबंधित विषयों के संबंध में जागरूकता।

संशोधित बिन्दुः

- सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, कम्प्यूटर, **रोबोटिक्स,** नैनो–टैक्नोलॉजी, बायो–टैक्नोलॉजी, और बौद्धिक सम्पदा अधिकारों से संबंधित विषयों के संबंध में जागरूकता।

सामान्य अध्ययन – IV
(नीतिशास्त्र, सत्यनिष्ठा और अभिरूचि)

GENERAL STUDIES – IV

(Ethics, Integrity and Aptitude.)

- **हिन्दी संस्करणः**

  पूर्व में प्रकाशित पाठ्यक्रम में उल्लिखित बिन्दुः

सिविल सेवा के लिए अभिरूचि तथा बुनियादी मूल्य, सत्यनिष्ठ, भेदभाव रहित तथा गैर–तरफदारी, निष्पक्षता, तथा संवेदना।

संशोधित बिन्दुः

- सिविल सेवा के लिए अभिरूचि तथा बुनियादी मूल्य, सत्यनिष्ठ, भेदभाव रहित तथा गैर– तरफदारी, निष्पक्षता, **सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण भाव, कमजोर वर्गों के प्रति सहानभूति, सहिष्णुता तथा** संवेदना।

पूर्व में प्रकाशित पाठ्यक्रम में उल्लिखित बिन्दुः

- लोक प्रशासनों में लोक/सिविल सेवा मूल्य तथा नीतिशास्त्रः स्थिति तथा समस्याएं; सरकारी तथा नैतिक मूल्यों का सुदृढ़ीकरण; अंतर्राष्ट्रीय संबंधों तथा निधि व्यवस्था (फंडिंग) में नैतिक मुद्दे; कॉरपोरेट शासन व्यवस्था।

संशोधित बिन्दुः

- **लोक प्रशासन में सार्वजनिक/सिविल सेवा मूल्य और नैतिकता; स्थिति और समस्याएं; सरकारी और निजी संस्थाओं में चिंताएं और दुविधाएं; नैतिक मार्गदर्शन के स्त्रोत के रूप में कानून, नियम, विनियम और विवेक; जवाबदेही और नैतिक शासन; शासन में नैतिकता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करना; अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और वित्त पोषण में नैतिक मुद्दे; कॉर्पोरेट गर्वनेंस।**

उपरोक्त के अतिरिक्त विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

भवदीय,

Sd/-

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।